प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज उज्जैन में क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा का करेंगे शुभारंभ, उमरिया और रीवा भी जाएंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि वैज्ञानिकों से खेत खलिहानों से जुडकर किसानों के साथ काम करने की अपील की।
- मप्र के रजत पाटीदार के नेतृत्व में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार जीता आईपीएल का खिताब।

**प्रधानमंत्री– योग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योग दिवस–2025 के प्रति लोगों में उत्साह देखकर उन्हें खुशी हो रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि वह इस महीने की 21 तारीख को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने के लिए उत्सुक हैं। श्री मोदी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों द्वारा किया गया योगांध्र–2025 एक सराहनीय प्रयास है।

**मुख्यमंत्री–दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 8 बजे उज्जैन के रामघाट से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ करेंगे। वे उमरिया जिले के नगर पालिका परिषद पाली में आयोजित सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर 53 करोड़ 85 लाख की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री आज पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के रजत जयंती ऑडिटोरियम में आयोजित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर लोक–निर्माण विभाग में चयनित दिव्यांगजनों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। डॉ. यादव आज रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सशक्तिकरण सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

**रक्षा राज्य मंत्री –एनसीसी**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के विशेष संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों और अपर तथा उप महानिदेशकों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने राज्यों से एनसीसी के ऐतिहासिक विस्तार में सहयोग करने के लिए आवश्यक कार्मिक, बुनियादी ढांचा और वित्त पोषण प्रदान

करने की प्रतिबद्धता पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने पूरे देश में तीन लाख कैडेटों को शामिल करने के लिए एनसीसी के नियोजित विस्तार की भी घोषणा की।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश प्रसारित करने के लिए दो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सफल यात्रा पूरी कर स्वदेश लौट आए हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस की यात्रा पूरी कर भारत लौट आया है। इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख और तथ्यों की जानकारी दी।

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की यात्रा पूरी कर आज वापस लौटा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि सभी उद्देश्य पूरे हो गए हैं।

**महाराष्ट्र–शिवराज सिंह**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों को नकली खाद और कीटनाशक बेचने वाली कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की तैयारी कर रही है। कृषि मंत्री विकसित कृषि संकल्प अभियान के छठे दिन पुणे के नारायणगांव में कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वह प्रयोगशालाओं से बाहर निकलें और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए खेत खलिहानों से जुडकर किसानों के साथ काम करें।

**विकसित कृषि संकल्प अभियान–प्रदेश**

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिंगरौली में जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पंचायत धरी तथा जीर एवं जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत परसोहर एवं खिरवा में शिविर का आयोजन किया गया तथा किसानों को मृदा परीक्षण रासायनिक खाद के उपयोग के बारे में रासायनिक खाद के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सतना में अभियान के छठवें दिन प्रत्येक विकासखण्ड के 03–03 ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान को आगे बढ़ाया गया। रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत तिहाई में कृषकों के समक्ष ड्रोन द्वारा खेत में दवा के छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। कटनी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं अन्य सभी विभागों के द्वारा किसान वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया। आगरमालवा जिले के ग्राम सेमलखेड़ी में विकासखण्ड स्तरीय कृषि वैज्ञानिक एवं कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**मौसम**

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में तेज आंधी के साथ कल बारिश हुई। ऐसा ही मौसम आज भी बना रहेगा। ग्वालियर–नर्मदापुरम समेत 17 जिलों में 60 किमी प्रतिघंटा या इससे अधिक रफ्तार से आंधी चलने की सम्भावना है। वहीं, पूरे प्रदेश में कहीं बादल छाए रहेंगे तो कहीं तेज आंधी–बारिश होगी। मौसम विभाग ने 7 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। भोपाल में कल दिन का तापमान 33 दशमलव 4 डिग्री, इंदौर में 31 दशमलव 3 डिग्री, ग्वालियर में 34 दशमलव 1 डिग्री और जबलपुर में तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया।

**आईपीएल – क्रिकेट**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। उन्होंने कल रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। पहली बार आईपीएल खिताब जीतने पर टीम के कप्तान और मप्र के खिलाडी रजत पाटीदार ने कहा कि विराट कोहली और टीम के सभी प्रशंसक इस जीत के सबसे ज्यादा हकदार हैं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 190 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 184 रन ही बना सकी। क्रुणाल पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- भोपाल के राजा भोज विमानतल से दतिया के लिए हवाई सेवा की सुविधा शुरू हो गई है। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और सांसद आलोक शर्मा ने कल भोपाल एयरपोर्ट से यात्रियों को बोर्डिंग पास देकर फ्लाइट को रवाना किया।
- विदिशा जिले की हनोता ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना के कार्य स्थल पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र स्थल का केन्द्रीय निरीक्षण दल के सदस्यों ने निरीक्षण किया।
- मंडला में आज कमिश्नर की अध्यक्षता में मानसून पूर्व बाढ़ आपदा की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई है।
- छतरपुर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।
- डिंडौरी जिले द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस के लिए लक्ष्य से 126 प्रतिशत अधिक राशि एकत्रित करने पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या को प्रशंसा पत्र एवं ट्राफी से सम्मानित किया।
- रायसेन में नगर पालिका परिषद द्वारा वूमेन फॉर ट्री कैंपेन अभियान के तहत एस एच जी समूह की महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया।
- नीमच में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से उत्पन्न समस्याओं से निपटने और जन सुरक्षा के लिए किए जाने वाले उपायों के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। ––––––